# पेरंट्स ऑरिएन्टेशन

सेन्ट जॉन्स सीनियर सैकेन्ड्री मेरठ मे आज दिनांक 1/08/18 की मनमोहक संध्या मे पेरंट्स ऑरिएन्टेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्ये अभीभावकों को छात्रों के प्रति मार्गदर्शन देना था तथा नन्हें-मुन्ने बच्चों की प्रतिभा को दर्शना था।

सर्वप्रथम विधालय की प्रधानाचार्या श्रीमती चन्द्रलेखा जैन और मुख्य अतिथि चाइल्ड कांसुलर डॉक्टर पूनम देवदत्त व अभीभावकों ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया किय तत्पश्चात विधालय की प्रधानाचार्या ने मुख्य अतिथि चाइल्ड कांसुलर डॉक्टर पूनम देवदत्त को पुष्प प्रदान करके स्वागत किया और किंडरगार्ट्न के नन्हे मुन्नों ने वेलकम डांस प्रस्तुत किया।

किंडरगार्ट्न के नौनिहालों ने पौष्टिक आहार हमारे स्वस्थय के लिये लाभदायक है पर एक लघुनाटिका प्रस्तुत की तथा मिकी माऊस नामक गाने पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया तत्पश्चात धर्म से संबन्धित एक लघु नाटिका की प्रस्तुति करके बच्चों ने 'सर्वधर्म' समभाव का संदेश दिया।

मुख्य अतिथि डॉक्टर पूनम देवदत्त ने सभी अभिभावकों को पौष्टिक आहार एंव स्वच्छ्ता से और अच्छे माता-पिता बनाने के संबन्ध मे जानकारी प्रदान की।

कार्येक्रम के अंत मे विधालय की प्रधानाचार्या ने सभी अभिभावकों तथा मुख्य अतिथि को अपना कीमती समय देने के लिए धन्यवाद दिया।